देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 02 जुलाई, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### 1046 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दी गईं दवाइयां

**देहरादून, एजेंसी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साहिया में रविवार को जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांग जन सशक्तीकरण देहरादून की ओर से एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इसमें 1046 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां वितरित की गईं। 31 लोगों के विकलांग प्रमाण पत्र भी बनाए गए। शिविर का शुभारंभ आईपीएस एवं सेवानिवृत डीआईजी जगतराम जोशी और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी देहरादून डॉ. सीएस रावत ने किया गया। शिविर में सर्जन, स्त्री एवं प्रसूति रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग, कान नाक गला रोग, बाल रोग, दंत रोग से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की स्वास्थ्य जांच की। शिविर में 20 लोगों को व्हीलचेयर, 90 लोगों को छड़ी, 43 लोगों को बैसाकी, 350 लोगों को आंखों के चश्मे, 30 लोगों को कान की मशीन, दो लोगों को एमआर किट, छह लोगों को कमर बेल्ट और चार लोगों को नी कैप दी गई। इस मौके पर सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विक्रम सिंह तोमर, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. महेंद्र सिंह राय, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविंद राणा, डॉ. राजीव बजाज, गंभीर सिंह, मुन्ना राम, अंकित जोशी, संजय शर्मा, प्रवीन चौहान, मनोज राठौर आदि उपस्थित रहे।

### छात्रों को छात्रवृत्ति देकर किया सम्मानित

**देहरादून, एजेंसी।** गोरखाली सुधार सभा की छिद्दरवाला शाखा के वार्षिक अधिवेशन में मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया गया। रविवार को हिमालय देवी मंदिर परिसर में शाखा अध्यक्ष केके थापा की अध्यक्षता में अधिवेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनुराग शर्मा, आन्या शर्मा, माही मल्ल, मानवी थापा, अदिति माझी, सानिया शर्मा, दिव्या खत्री, ममता शर्मा, सुहान, आयुष न्योपाने, सरु थापा, साक्षी, मनीष शर्मा, मिलन थापा, सिया मल्ल, विशाखा शर्मा, सुधांशु थापा, आतीश क्षेत्री, प्रियांशी खत्री, कार्तिक गुरूंग, दिवेश थापा, रक्षित क्षेत्री, शिक्षा बोहरा, अमृत गिरि, मानसी पोखरेल, श्रुति श्रेष्ठा, स्वाति थापा, संजना थापा, सुदीक्षा मल्ल, प्रियंका राना, नवोदया शाही और तनिष्का शाही को छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया। नंदराम जोशी, मन बहादुर राना, भक्त बहादुर मल्ल और चंद्रकला गुरुंग को वरिष्ठ नागरिक सम्मान से नवाजा गया। इस मौके पर सभा के केंद्रीय अध्यक्ष पदम सिंह थापा, महामंत्री गोपाल क्षेत्री, मीडिया प्रभारी प्रभा शाह आदि मौजूद रहे।

### ऑनलाइन शॉपिंग का झांसा देकर महिला से 38 हजार की ठगी

**रूड़की, एजेंसी।** गंगनहर कोतवाली क्षेत्र स्थित ईदगाह रोड निवासी अनिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह घर का कुछ सामान ऑनलाइन खरीदती है। बृहस्पतिवार की सुबह एक नंबर से उनके पास कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि वह एक ऑनलाइन शॉपिंग कर्मचारी बात कर रहा है। कंपनी की ओर से उन्हें ऑनलाइन शॉपिंग करने पर करीब 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके लिए उन्हें कंपनी की ओर से एक लिंक भेजा जाएगा। जिसे खोलकर कुछ जरूरी चीजें भरनी है। कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर एक लिंक आया। उन्होंने लिंक खोलकर देखा तो वह खाली था। इस बीच उनके मोबाइल पर खाते से 38 हजार रुपये निकाले जाने का मैसेज आया। उन्होंने उस नंबर पर कॉल की तो वह बंद आया। कोतवाली प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### हरकी पैड़ी और ज्वालापुर में मिले दो शव

हरिद्वार, एजेंसी। हरकी पैड़ी ब्रह्मकुंड और ज्वालापुर में दो शव बरामद हुए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया है। शवों की पहचान नहीं हो पाई है।हरकी पैड़ी चौकी प्रभारी संजीव चौहान ने बताया कि रविवार की दोपहर हरकी पैड़ी ब्रह्मकुंड में एक शव उतराता हुआ मिला। करीब 40 वर्षीय व्यक्ति की शिनाख्त नहीं पाई है। वहीं ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी रमेश सिंह तनवार ने बताया कि हरिलोक तिराहे के पास छोटी नहर में एक शव मिला है।

# व्यापारी की कनपटी पर ताना तमंचा




**अल्मोड़ा, एजेंसी।** अल्मोड़ा नगर में कुछ युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। एक दुकान से घर लौट रहे व्यापारी की कनपटी पर तमंचा तानते हुए उसे बुरी तरह पीट दिया। वहीं राह चलते युवक पर की जमकर पिटाई कर दी तो एक बार में पहुंचकर दो लोगों को पीट दिया।

अल्मोड़ा नगर में कुछ युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। एक दुकान से घर लौट रहे व्यापारी की कनपटी पर तमंचा तानते हुए उसे बुरी तरह पीट दिया। वहीं राह चलते युवक पर की जमकर पिटाई कर दी तो एक बार में पहुंचकर दो लोगों को पीट दिया। एक धार्मिक स्थल पर पहुंचकर उसके आसपास रह रहे लोगों को जान से मारने की धमकी देते हुए तोड़फोड़ की। इन घटनाओं से पूरे नगर के लोग दहशत में रहे। दूसरे दिन लोगों ने कोतवाली पहुंचकर हंगामा काटा तो हरकत में आई पुलिस ने कुछ युवकों पर केस दर्ज कर छह ज्ञात युवकों को गिरफ्तार किया जबकि कुछ अज्ञात युवकों की खोजबीन में जुटी है।

नगर भर शनिवार देर रात कुछ युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। खजांची मोहल्ले में दुकान से घर लौट रहे व्यापारी दीपक वर्मा की कनपटी पर तमंचा तान दिया और उसे घेरकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद युवक कारखाना बाजार पहुंचे और स्थानीय युवक हर्षित तिवारी को घेरकर उसे बुरी तरह पीट दिया। नगर से दो किमी दूर एनटीडी पहुंचकर दो लोगों की जमकर धुनाई कर दी। युवक इसके बाद भी शांत नहीं हुए और फिर से कारखाना बाजार पहुंचकर एक धार्मिक स्थल और उसके आसपास भवनों में तोड़फोड़ करते हुए लोगों को बाहर निकलने पर जान से मारने की धमकी दी। ऐसे में लोग उनके खौफ से बाहर नहीं निकले और घरों में दुबके रहे।

युवक बाइक और स्कूटी से गालीगलौज करते हुए नगर की गलियों और सड़कों पर फर्राटा भरते रहे और पुलिस सोती रही। दूसरे दिन पीड़ितों के साथ एक समुदाय के लोग जुलूस निकालते हुए कोतवाली पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। बाद में लोग एसएसपी कार्यालय पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई। लोगों के आक्रोश को देखते हुए हरकत में आई पुलिस ने नगर निवासी तपन साह, हिमांशु बिष्ट, शिवम कुमार के साथ ही तीन नाबालिग सहित छह ज्ञात आरोपियों के साथ ही अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि सभी आरोपियों का पता लगाकर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे। इस घट ना से पूरे क्षेत्र में दहशत है।

### सोती रही पुलिस, दहशत में रहे लोग

युवकों के उत्पात फैलाने की सूचना पीड़ितों ने पुलिस को दी। हैरानी है कि पुलिस ने घटना को हल्के में लिया और पीड़ितों की सुध नहीं ली। पुलिस को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने में भी घंटों लग गए। जब आक्रोशित लोग कोतवाली पहुंचे तो तब पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया और उनकी खोजबीन शुरू हुई। ऐसे में पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

**रात्रि गश्त कर लोगों की सुरक्षा के दावे भी हुई हवाई:** पुलिस हमेशा नगर के लोगों की सुरक्षा के लिए रात्रि गश्त के दावे करती है। बीती रात युवक नगर के विभिन्न हिस्सों में उत्पात मचाते हुए दहशत फैलाते रहे लेकिन किसी की नजर उन पर नहीं पड़ी। रात्रि गश्त में तैनात पुलिस कर्मी कहां थे यह कोई नहीं जानता। ऐसे में नगर के लोगों में पुलिस के खिलाफ खासा आक्रोश है।

## काव्य संग्रह दिविजा पर विस्तार से हुई चर्चा

**देहरादून, एजेंसी।** दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र संस्थान के सभागार में रविवार को इन्दु कुमार पांडे के काव्य संग्रह दिविजा पर चर्चा हुई। साहित्यकार डॉ. राम विनय सिंह ने विविध पक्षों पर रचनाकार के विचारों को जाना। दिविजा में 51 कविताओं को संकलित किया गया है। शोध केंद्र के अध्यक्ष प्रो. बीके जोशी ने कहा कि केंद्र की ओर से समय-समय पर इस तरह के साहित्यिक विमर्श, फिल्म प्रदर्शन, व्याख्यान, गोष्ठी व शास्त्रीय संगीत के आयोजन किए जाते रहते हैं। कहा कि इन्दु कुमार की हर कविता में दर्शन का भाव परिलक्षित होता है। डॉ. राम विनय सिंह ने कहा कि इन्दु कुमार पांडे ने दैनिक जीवन की व्यस्तता में भी कविताओं के कोमल भावों को लंबे समय तक सहेजा है। उनकी कविताओं में युगधर्म, निजी भाव बोध तो कहीं पर सामाजिक संवेदना के साथ ही वैराग्य के दर्शन होते हैं। इन्दु कुमार पांडे ने कहा उन्होंने शायरी से लिखना शुरू किया और उसके बाद हिंदी कविताओं का लेखन किया। उनकी पहली कविता राधेय थी,।

## कांवड़ में अस्थाई दुकानें लगाने के लिए दिए जाएंगे लाइसेंस

**बहादराबाद, एजेंसी।**
कांवड़ यात्रा को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। यात्रा के दौरान बहादराबाद नहर पटरी पर अस्थाई दुकानें लगाई जाएंगी। खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से भंडारे और जूस कॉर्नर संचालकों को अस्थाई लाइसेंस दिया जाएगा। इस नियम का पालन न करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बिना लाइसेंस के दुकान लगाने पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। दुकानें सील भी की जा सकती हैं। विभाग की टीम ने निरीक्षण शुरू कर दिया है। दुकानदारों को लाइसेंस लेने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जा रही है।

कांवड़ मेले में लगने वाले भंडारे व जूस कॉर्नर पर विभाग की नजर बनी रहती है। जिससे खान-पान के पदार्थों में किसी प्रकार की कोई मिलावट न हो। जिस कारण श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत सामना न करना पड़े।

विभाग की ऑनलाइन वेबसाइट पर लॉगिन कर रजिस्ट्रेशन करना पड़ता है। 12 लाख से कम सलाना आय होने पर रजिस्ट्रेशन करना पड़ता है। 12 साल से ज्यादा सलाना आए होने पर दुकानदारों को लाइसेंस बनवाना पड़ता है। इसके बाद विभागीय अधिकारी निरीक्षण करने जाते हैं।

### ट्रैवल एजेंसी और एजेंट के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ऋषिकेश, एजेंसी।** कोतवाली क्षेत्र में बनाए गए पंजीकरण जांच केंद्र में कर्नाटक के चारधाम यात्रियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फर्जी पाए गए। जिसको लेकर पुलिस ने संबंधित ट्रैवल एजेंसी व ट्रैवल एजेंट के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।बृहस्पतिवार को चारधाम यात्रा पंजीकरण जांच केंद्र में यात्रियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फर्जी मिले। जिसमें कर्नाटक से आए 15 यात्रियों के दल ने पवन हंस प्राइवेट सीयो विजय कंपनी के एजेंट पंकज से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराए थे। जिसकी एवज में यात्रियों से 29,025 रुपये लिए गए थे।यात्रियों का दल चारधाम यात्रा के लिए ऋषिकेश पहुंचा। जहां रजिस्ट्रेशन चेकिंग काउंटर पर सभी रजिस्ट्रेशन फर्जी होने की जानकारी मिली। गानीगेर पुत्र सिद्धप्पा निवासी 472 मेन रोड, देवांगापेठ हुबली, धारवाड़, कर्नाटक ने कोतवाली में तहरीर दर्ज कराई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एसएस बिष्ट ने बताया यात्रियों की तहरीर के आधार पर संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

## एक मिनट तक तेंदुए से लड़ती रही महिला, खेत में घास लेने पहुंची थी खीमा; फिर ऐसे बची जान

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** द्वाराहाट में दिनदहाड़े तेंदुए ने घर के पास ही एक महिला पर हमला कर दिया। महिला घायल हो गई। संयोग से उसकी जान बच गई। उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

द्वाराहाट में दिनदहाड़े तेंदुए ने घर के पास ही एक महिला पर हमला कर दिया। महिला घायल हो गई। संयोग से उसकी जान बच गई। उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

तल्ली तुमड़ी निवासी खीमा देवी (34) रविवार सुबह 10 बजे के करीब अपनी साथियों के साथ घर के पास ही खेतों में घास लेने पहुंची। घात लगाए तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। उसके चिल्लाने पर साथी महिलाओं ने भी शोर मचाया। एक मिनट तक चले संघर्ष



के बाद तेंदुआ भाग गया और उसकी जान बच गई। तेंदुए ने अपने नाखूनों से महिला के शरीर पर गहरे घाव कर दिए। परिजनों ने उसे सीएचसी पहुंचाया जहां इलाज के बाद चिकित्सकों ने उसे घर भेज दिया। चिकित्सकों के मुताबिक उनकी हालत खतरे से बाहर है।

दिनदहाड़े हुई इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत है। सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गश्त की। घायल को 5000 रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। घटना से डरे ग्रामीणों ने तेंदुए को पकड़ने की मांग की है।

बीते दिनों जंगलों में लगी आग ने लोगों के साथ ही वन्यजीवों का जीवन प्रभावित किया है। वन विभाग भी मानता है कि जंगलों में आग लगने के बाद कई वन्यजीव और पक्षी मारे गए हैं। जो बचे हैं उनके सामने भोजन का संकट पैदा हो गया है और वह जंगलों से निकलकर आबादी की तरफ पलायन कर रहे हैं।

पिछले दिनों अल्मोड़ा नगर के पास पर्यटन विभाग के टीआरसी के पास तेंदुए ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

### गूगल पर कोरियर कंपनी का नंबर खोजना पड़ा भारी, 4900 की ठगी

**हरिद्वार, एजेंसी।** न्याय विभाग में कार्यरत कर्मचारी कोरियर कंपनी का नंबर गूगल पर सर्च करने के चक्कर में साइबर ठगों के जाल में फंस गए। जालसाजों ने उनके खाते से 4900 की ऑनलाइन ठगी कर दी। शिकायत पर साइबर क्राइम सेल ने रकम होल्ड करा दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, जमील अहमद पुत्र महमूद हसन निवासी कोर्ट कैंपस रोशनाबाद न्याय विभाग में कार्यरत हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में उन्होंने बताया कि एक कोरियर ट्रैक ऑन कोरियर सर्विस से 29 जून को कराया गया था। कोरियर प्राप्त न होने पर गूगल पर ट्रैक ऑन कंपनी को सर्च कर डॉकेट नंबर डाल दिया। उन्हें एक नंबर पर बात करने के लिए कहा गया। जहां से बताया गया कि कोरियर होल्ड पर है। इसके लिए पांच रुपये देने होंगे। एक नंबर भेजकर पांच रुपये उस पर डलवा लिए।

आरोप है कि फोन पर बात करने पर 10 मिनट रुकने की बात कहते हुए कोरियर की हिस्ट्री चेक करने की बात कही। कुछ देर बाद फोन कटा और जमील अहमद के मोबाइल फोन पर 4900 की रकम कटने का मैसेज आया। तब उन्हें धोखाधड़ी का शिकार होने का पता चला। साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद रकम होल्ड हो गई।

### अस्पतालों को पीपीपी मोड से हटाया जाएगा : स्वास्थ्य मंत्री

**रामनगर (नैनीताल), एजेंसी।** रामनगर के सरकारी अस्पताल को अब सरकार ही चलाएगी। इस अस्पताल को पीपीपी मोड से हटाने की तैयारी शुरू हो रही है। यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दी। वहीं चुनाव जीतने के बाद पहली बार रामनगर पहुंचे सांसद अनिल बलूनी ने भी अस्पताल को पीपीपी मोड से हटाने का समर्थन किया और जीत पर रामनगर की जनता की आभार जताया। रविवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, पौड़ी लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद अनिल बलूनी रामनगर पहुंचे। विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। वहीं सम्मान समारोह में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर बनाने को लेकर सरकार पूरी तरह प्रयासरत है। सरकार ने सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों व अन्य स्टाफ की तैनाती के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगी। कहा कि सरकार ने प्रदेश के कुछ सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए पीपीपी मोड पर दिया था। कहा कि जब भी वह रामनगर आए तब लोगों ने पीपीपी मोड पर संचालित अस्पताल की व्यवस्थाओं के खिलाफ नाराजगी जताई। अब पीपीपी मोड पर संचालित सभी अस्पतालों को सरकार वापस अपने संरक्षण में चलाएगी। अस्पतालों में पर्याप्त संसाधन जुटाने के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती भी की जाएगी। जनता और जनप्रतिनिधि भी लगातार रामनगर अस्पताल को पीपीपी मोड से हटाने की मांग कर रहे थे, सितंबर तक इन अस्पतालों को सरकार स्वयं चलाएगी। सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि चुनाव के दौरान जनता से किए गए सभी वादे पूरे किए जाएंगे। रामनगर को विश्व की वन्यजीव, पर्यटन की राजधानी बनाने पर काम शुरू कर दिया है। रामनगर में रेल सेवा बढ़ाने के साथ ही अन्य कनेक्टिविटी बढ़ाई जाएगी। जल्द ही रामनगर की जनता को इसका लाभ मिलेगा और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। रामनगर में बढ़ते नशे को लेकर विधायक दीवान सिंह, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के साथ वह स्वयं जिला प्रशासन अधिकारियों के साथ वार्ता कर अंकुश लगाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित करेंगे। नगर अध्यक्ष मदन जोशी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र रावत, मालधन मंडल अध्यक्ष दीपा भारती, सरिता आर्या, राकेश नैनवाल, रुचि गिरी गोस्वामी, भगीरथलाल चौधरी, हेमभट्ट, सत्य प्रकाश शर्मा, कुलदीप शर्मा, पूरन नैनवाल, भावना भट्ट, गणेश रावत, कैप्टन जेसी लोहनी, किशोरी लाल, नरेंद्र शर्मा, अशोक गुप्ता, राम भरोसे डब्वू, राजेंद्र मित्तल, घनश्याम शर्मा आदि रहे।

## अब शिक्षक एक-दूसरे शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं को भी पढ़ाएंगे

**देहरादून, एजेंसी।**
शिक्षक एक-दूसरे के शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं को न सिर्फ ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से पढ़ा सकेंगे बल्कि प्रयोगशाला एवं अन्य संसाधनों का भी इस्तेमाल कर सकेंगे। इसके लिए शुरूआत में कुछ विद्यालयों का चयन किया जाएगा।

प्रदेश के सरकारी और निजी विद्यालयों के शिक्षक एक-दूसरे के विद्यालयों में पढ़ाएंगे। शिक्षा मंत्री डॉ.धन सिंह रावत की अध्यक्षता में आज शिक्षा निदेशालय में होने वाली बैठक में इस पर सहमति बन सकती है। शिक्षा मंत्री के मुताबिक विद्या भारती, केंद्रीय विद्यालयों, उत्तराखंड बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई के विद्यालयों को इस कार्यक्रम में शामिल किया गया है।

शिक्षा मंत्री के मुताबिक नई शिक्षा नीति 2020 के तहत यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। शिक्षक एक-दूसरे के शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं को न सिर्फ ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से पढ़ा सकेंगे बल्कि प्रयोगशाला एवं अन्य संसाधनों का भी इस्तेमाल कर सकेंगे। बताया गया है कि इसके लिए शुरूआत में कुछ विद्यालयों का चयन किया जाएगा। जिसके आसपास के विद्यालयों में यह कार्यक्रम चलाया जाएगा।

सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में विद्यालयों का चयन करने संबंधी आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षक एक दूसरे शिक्षण संस्थानों को उनके विद्यालयों में चलाए जाने वाले नवाचार कार्यक्रमों को भी बताएंगे। इस कार्यक्रम में श्री गुरुराम राय स्कूल प्रबंधन के विद्यालयों को भी शामिल किया जाएगा।

## लापरवाही से गिरा आंधी-तूफान में अडिग 100 साल पुराना पेड़, था क्षेत्र की पहचान

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
नरीमन तिराहे पर पहुंचते ही पीएमजीएसवाइ कार्यालय से सटे पुराने और विशालकाय पेड़ की छांव अब लोगों को नहीं मिलेगी। शनिवार दोपहर पाकड़ का पेड़ गिरकर सड़क पर आ गया। जिस वजह से हाईवे पर लंबा जाम भी लग गया।

अधिकारियों का कहना है कि बारिश की वजह से यह घटना हुई है। लेकिन यह पूरी हकीकत नहीं है। क्योंकि, इससे पूर्व आंधी-तूफान और भारी बरसात में भी पाकड़ के इस पेड़ को कभी कुछ नहीं हुआ। वहीं, पिछले दिनों चौराहे चौड़ीकरण प्रोजेक्ट के तहत सड़क के किनारे को चौड़ा किया गया था। जिस वजह से पाकड़ की जड़ों की पकड़ कमजोर होती गई।

यही वजह है कि बरसात होते ही जड़ों ने मिट्टी को छोड़ दिया। नरीमन तिराहे पर पाकड़ के बड़े पेड़ इस क्षेत्र की पहचान माने जाते हैं। ट्रैफिक ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मी, बस या टेंपो का इंतजार करने वाले लोगों के अलावा पर्यटकों को भी गर्मी के दौरान इनके नीचे राहत मिलती है। लेकिन शनिवार दोपहर साढ़े 12 बजे के करीब पीएमजीएसवाइ कार्यालय से सटा एक पेड़ जड़ समेत उखड़कर हाईवे पर गिर गया।

घना पेड़ होने के कारण सड़क के दूसरी तरफ दिखना तक बंद हो गया था। जिसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, तहसीलदार सचिन कुमार, रेंजर



आनंद लाल, डिप्टी रेंजर धर्मानंद पाठक भी मौके पर पहुंच गए। पेड़ गिरने की वजह से जाम की स्थिति पैदा हो गई। जिसके बाद बामुश्किल हाईवे को खोला गया। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि पेड़ की उम्र 100 साल के आसपास होगी।

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया संग काठगोदाम थाने पहुंचे लोगों ने कहा कि लापरवाही की वजह से पेड़ गिरा है। दिल्ली के एक पर्यटक की कार को भी इससे नुकसान हुआ। बल्यूटिया ने कहा कि चौड़ीकरण प्रोजेक्ट के तहत कई जगहों पर यह स्थिति बनी हुई है। एक तरफ 40 पेड़ों के ट्रांसप्लांट की बात कही जा रही है।

दूसरी ओर, बुलडोजर से खोदाई कर जड़ों के चारों तरफ मिट्टी की पकड़ को कमजोर किया गया। इससे साफ है कि प्रशासन व लोनिवि की लापरवाही की वजह से नरीमन तिराहे पर पाकड़ का पुराना पेड़ गिरा है। बल्यूटिया ने लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने को तहरीर भी सौंपी।

कहा कि मामले को गंभीरता से न लेने पर न्यायालय की शरण ली जाएगी। इस दौरान नितिन बल्यूटिया, महेशानंद, योगेंद्र बिष्ट, वीरेंद्र जग्गी, मनोज बल्यूटिया, रजत तिवारी, गौरव बल्यूटिया, मनोज दहिया, पीयूष बल्यूटिया, आभा गोस्वामी, कोमल वर्मा, प्रीति बिष्ट, सैय्यद रेहान मौजूद थे।

## लोस चुनाव का बदला लेने मोर्चे पर उतरे कांग्रेसी दिग्गज, प्रचार में संभाला मोर्चा

**देहरादून, एजेंसी।** हरीश रावत, माहरा, प्रीतम सिंह, गणेश गोदियाल समेत पार्टी के विधायकों ने प्रचार में मोर्चा संभाला लिया है। लोकसभा चुनाव में मिली हार का बदला लेने के लिए बदरीनाथ और मंगलौर उपचुनाव के मैदान में कांग्रेसी दिग्गज मोर्चे पर उतर गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व सीएम हरीश रावत, विधायक प्रीतम सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल समेत पार्टी के विधायकों ने प्रचार के लिए मोर्चा संभाल लिया है। जनसंपर्क कर पार्टी नेता प्रत्याशियों के लिए समर्थन जुटा रहे हैं। बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा सीट पर 10 जुलाई को उपचुनाव होंगे। दोनों सीटों पर प्रचार के लिए आठ दिन का समय शेष बचा है। कांग्रेसी दिग्गजों ने दोनों सीटों पर चुनाव प्रचार गरमा दिया है। लोकसभा चुनाव में पांचों सीटों पर मिली हार के बाद अब प्रदेश के पार्टी नेताओं ने उपचुनाव जीतने के लिए प्रचार में पूरी ताकत लगा दी है। स्थानीय मुद्दों को कांग्रेस धार दे रही है। बदरीनाथ सीट पर उपचुनाव कराने को लेकर कांग्रेस मुद्दा बना रही है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले यहां से विधायक रहे राजेंद्र भंडारी के कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने से यह सीट खाली हुई है।

# 21वीं सदी के अजुर्नों के लिए दिल्ली में मेगा यूथ फेस्ट का आयोजन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



लव अफेयर्स, ब्रेकअप्स और सोशल मीडिया की लतझ्रयुवाओं के इन्हीं मुद्दों के समाधान के लिए 30 जून, 2024 को दिल्ली में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के पीस प्रोग्राम द्वारा मेगा यूथ फेस्ट का आयोजन किया गया। उठ पार्थ, युद्ध कर नामक इस फेस्ट में स्टैंड-अप कॉमेडी, नृत्य-नाटकोंऔर प्रेरक वाताओं को लाईव देखने-सुनने के लिए लगभग एक हजार युवा मानेकशॉ ऑडिटोरियम में एकत्रित हुए। इसके साथ हीदिल्ली के कई शैक्षिक संस्थानों के उप-कुलपति, डीन, एच.ओ.डी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेऔरगेस्ट वक्ता के तौर पर अवध ओझा सर तथा जाह्नवी पंवर ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज की। फेस्ट के विभिन्न सत्रों का आयोजन आशुतोष महाराज की साध्वी शिष्याओं द्वारा किया गया। पीसप्रोग्राम की सह-इन्चार्ज,साध्वीडॉ. निधि भारती ने बताया की आज युवा करियर और नौकरी की दौड़ से मिलने वाली थकान वतनाव से छुटकारा पाने के लिए रील्स, वेबसीरीज और ऑनलाइनगेम्स का सहारा लेने लगा है। जो असल में उसके तनाव को कम करने की बजाय उसे अवसाद मेंज्यादा डाल रही है।ऐसा इंस्टेंट मजा पाने के चक्कर मेंवह फिर इन्हीं रील्स एवं वेबसीरीजसे प्रेरित हो कर इंस्टेंट लव रिलेशन भी बनाने लग जाता है।युवाओं की इस ह्यक्या फर्क पड़ता हैह्नवाली सोच को साध्वी ने ठोस तर्कों एवं वैज्ञानिक तथ्यों द्वारा सिरे से खारिज किया।और यह सिद्ध किया की असल में इन सबसे युवा की मानसिकता और व्यक्तित्वपर ही नहीं बल्कि उसकी पूरी जिन्दगी पर गहरा फर्क पड़ता हैं।

कार्यक्रम केअगले सत्र में भारतीय इतिहास में दर्ज सच्ची प्रेम गाथाओं पर आधारितएक संगीतमय प्रस्तुति हुई। इससत्र की मुख्य वक्ता साध्वी मणिमाला भारती ने कहा कि इंस्टेंट लव, हुक-अप्स और ब्रेकअप्स वाले रिश्तों का ट्रेंड पाश्चात्य जगत से अपनाया गया है। क्योंकि भारत की संस्कृति ने तो हमे शासेत्याग, समर्पण, विश्वास और पवित्रता जैसे मूल्यों पर आधारित सच्चे-प्रेम का पाठ ही विश्व को पढ़ाया है। साध्वी ने रानी पद्मावती और रतन सिंह की प्रेम कहानी को सुनाया। जिसमें रतन सिंह अपने प्रेम की गरिमा बनाये रखने की खातिर योद्धा बनकर डटे रहते है। वहीं रानी पद्मावती भी अपने प्रेम की पवित्रता को सिद्ध करते हुए खिलजी को अपनी दहलीज तक पहुँचने ही नहीं देती।साध्वी नें आगे महादेव और सती के जीवन से उद्धृत प्रसंग से भी समझाया की जब महादेव का सती से विछोह हो जाता है तब महादेव अंतमुर्खी होकर ध्यान में स्थित हो जाते है। असल में ब्रेकअप जैसी विछोह की स्थिति में ध्यानही सबसे कारगर सूत्र सिद्ध होताहै। जिससे इंसान अपने भीतर के समस्त दुःखों और पीड़ाओं से मुक्ति प्राप्तकर सकता हैं।

आगे, इस कार्यक्रम की मुख्य इन्चारर्ज साध्वी तपेश्वरी भारती ने युवाओं की स्थिति को चित्रित करते हुए कहा की आज का युवा, ये दिल मांगे मोर का राग अलापते हुए धड़ले से सोशल मीडिया पर रील्स और ओटीटी पर वेब सीरीज देखने में लगा हुआहै। इस पर भी स्थिति बद-से-बदतर दिखाई तबदेने लगती है जब युवा इन्हीं प्लेटफार्म्सपर पोर्न और अश्लील कंटेंट देखने में अधिक रूचि लेता नजर आने लगताहै।

लत के संदर्भ में साध्वी जी ने अपने आध्यात्मिक गुरु श्री आशुतोष महाराज जी के वचनों को रेखांकित करते हुए कहा, ह्यजब व्यक्ति सिगरेट के धुंए का पहला छर्रा उड़ाता है, तब साथ में खूब जोर से खांसता भी है। उसकी अंतर्चेतना उसे आगाह करती है कि यह उसके लिए हानिकारक है। पर क्या इस अनुभव को लेने के बाद भी वो धुम्रपान करना छोड़ देता है? नहीं! ठीक यही होता है जब वो शराब के जाम अपने अन्दर उतारता है- वमन करना, खुद से नियंत्रण खो देना, नशे की हालत में गलत काम कर जाना। इन खराब अनुभवों के बावजूद भी क्या वो शराब से दूरी बना लेता है? नहीं! क्योंकि, इन व्यसनों का संग करने का एक ही परिणाम होता हैझ दूरी नहीं; मजबूरी। यह इंसान की मजबूरी बनकर उसे तबाही की कगार तक ले जाते है। साध्वी जी ने कहा कि रील्स,वेब सीरीज और पॉर्न की लत भी इंसान की यही गति बना देती हैं। सत्र में आगे उन्होनें भगवद्गीता के आधार पर इन व्यसनों पर काबू पाने के लिए जागृत आत्म-चेतना की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। पहले गेस्ट वक्ता थेझसिविल परीक्षा के मशहूर टीचर,अवध ओझा सर। उन्होनें सोशल मीडिया की लत, लव अफेयर्स और ब्रेकअप्स के ट्रेंड पर अपने विचार व्यक्त किए और कहा, मेरा मानना है कि आज के युवाओं में जितनी भी लतें है, उनके पीछे एक बुनियादी इकाई है- वह है उनका मन। और इस चंचल मन को काबू में करने का एकमात्र तरीका भारतीय परम्परा में निहित ध्यान की प्रक्रिया ही है। दूसरी गेस्ट वक्ता थी भारत की वंडर गर्ल- जाह्नवी पंवर।सबसे पहले जाह्नवी ने हरियाणवीं और अंग्रेजी लहजेमें एक अनोखी जुगल बंदी प्रस्तुत की।इसके साथ अपने बीस साल के छोटे जीवन में इतने बड़े मुकाम को हासिल करने के पीछे किये गए संघर्ष की यात्रा कोभी उन्होनें सबसे सांझा किया। और बताया की किस तरह से वह अपने लक्ष्य को पाने के लिए अनगिनत दिनों तक डटी रही।अंगेजी भाषा के विभिन्न लहजों पर महारत हासिल करने के लिए वह कई सालों तक लाल किले और इंडिया गेट पर जाकर घंटों विदेशियों से बातचीत कर प्रैक्टिस करती थी।उनके इसी उत्साह और जज्बेकी कहानी को उपस्थित सभी युवाओं ने खूब सराहा। अंत में डांस सत्र हुआ जिसमें उपस्थितमॉडर्न युवाभक्ति की फ्यूजनधुनों पर थिरकता और आनंद लेता नजर आया। इस मेगा यूथ फेस्ट से युवाओं को सूझवान लाइफस्टाइल को अपनाने की सच्ची प्रेरणा मिली।

# हरदीप सिंह पुरी की पत्नी को 50 लाख देंगे टीएमसी सांसद साकेत गोखले, मानहानि मामले में दिल्ली हाईकोर्ट का निर्देश

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता





ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (एआईटीएमसी) के सांसद साकेत गोखले को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका लगा है। मानहानि मामले में उन्हें केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की पत्न ी लक्ष्मी पुरी (संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव) को 50 लाख रुपये का हजार्ना देने का निर्देश दिया है। साथ ही कोर्ट ने कहा कि माफीनामा अंग्रेजी के एक अखबार में छपवाने के साथ सोशल साइट एक्स पर भी पोस्ट करने को कहा। कोर्ट ने निर्देश दिया कि माफीनामा छह महीने तक रहना चाहिए।

2021 में लगाया था ये आरोप

संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव लक्ष्मी पुरी ने यह मुकदमा साकेत गोखले द्वारा उनकी ईमानदारी पर अपमानजनक पोस्ट के बाद दायर किया गया था। याचिका में लक्ष्मी पुरी कहा कि साकेत गोखले ने 13 और 23 जून, 2021 को उनके और उनके पति हरदीप सिंह पुरी के खिलाफ झूठा और अपमानजनक आरोप लगाया था और कहा था कि दंपती ने वर्ष 2006 में जिनेवा (स्विट्जरलैंड) में काले धन से एक घर खरीदा है।

विदेशी काले धन का आरोप

याचिका में कहा गया है कि गोखले ने अपने पोस्ट में स्विस बैंक खातों और विदेशी काले धन का उल्लेख किया। साथ ही केंद्रीय वित्त मंत्री को टैग करके लक्ष्मी पुरी और उनके पति के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा धन शोधन जांच का आदेश देने के लिए कहा है।

छह महीने तक माफी का पोस्ट नहीं करेंगे डिलीट

न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी की पीठ ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए कहा कि वादी (लक्ष्मी पुरी) को साकेत गोखले के अपमानजनक बयानों के कारण अपूरणीय क्षति हुई है और उसे वादी से माफी मांगने का निर्देश दिया जाता है। जिसे वो एक्स अकाउंट और एक अखबार में प्रकाशित कराएंगे। इसके अलावा गोखले एक्स अकाउंट पर प्रकाशित ट्वीट को 6 महीने तक डिलीट नहीं कर पाएंगे।

कोर्ट ने कहा कि वादी के खिलाफ आगे कोई अपमानजनक सामग्री प्रकाशित करने से रोका जाता है। वादी की प्रतिष्ठा को हुए नुकसान के लिए उसे 50 लाख रुपये का हजार्ना दिया जाता है। कोर्ट ने कहा कि वास्तव में प्रतिष्ठा को हुए नुकसान की भरपाई को भी राशि नहीं कर सकती है। हालांकि सभी विचारों के संतुलन पर संकेत गोखले को वादी को 8 सप्ताह के भीतर 50 लाख रुपये की राशि का हजार्ना देने का निर्देश दिया जाता है।

# एसोसिएशन के चुनाव को लेकर शिक्षकों की हुई सभा : डी.के.तिवारी



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के प्रीत विहार स्थित मदर्स ग्लोबल पब्लिक स्कूल के सभागार में सोसायटी फॉर टीचर्स कॉज के आह्वान पर शिक्षकों की सभा हुई जिसमें सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे। शिक्षा निदेशालय द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त करने के बाद एसोसिएशन (जीएसटीए) के चुनावों को लेकर शिक्षकों में हलचल तेज हो गई है। इसी के मद्देनजर इस ग्रुप के शिक्षक नेताओं ने चुनावों की तैयारी के लिए शिक्षकों की यह सभा आयोजित की। आगामी चुनावों में एसोसिएशन के समक्ष आने वाली चुनौतियों के साथ शिक्षकों की समस्याओं और समाधान के लिए अनेक सुझाव प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ताओं में अध्यक्ष ओम सिंह सहित डी.के.तिवारी, राजकिशोर शर्मा, डॉ. दीपक गुप्ता, आर.के.शर्मा व प्रभात कुमार आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के संयोजक विनोद शर्मा ने बखूबी मंच का संचालन किया। सभा की अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्रधानाचार्य वी.पी.सिंह ने शिक्षकों से अपील की कि वे एसोसिएशन के आगामी चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और शिक्षकों के हित में सोसायटी फॉर टीचर्स कॉजह्न ग्रुप के शिक्षकों को जिताएं। खंडित वोट ना देकर एक ही पैनल को अपना मत दें और एसोसिएशन को मजबूत बनाएं। उपस्थित सभी शिक्षकों ने करतल ध्वनि से इसी ग्रुप को अपना मत और समर्थन देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर कई शिक्षकों ने अपनी ओजस्वी कविताओं से शिक्षकों का मनोरंजन भी किया। सभा का समापन सामूहिक राष्ट्रगान से हुआ।

## छत पर खेल रहा था 6 साल का बच्चा

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के हर्ष विहार इलाके में छत पर खेल रहे 6 साल के मासूम की छत से गिरकर मौत हो गई। दरअसल, वो छत के जिससे हिस्से पर खेल रहा था वो कमजोर था, भरभराकर नीचे गिर गया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाएगा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने लापरवाही से मौत का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बारिश के बाद घरों सीलन आ गई है। हादसे का एक कारण भी यह भी माना जा रहा है। हर्ष विहार इलाके के प्रताप नगर गली नंबर 2 के एक मकान में रहने वाले परिवार के साथ यह हादसा हुआ। शाम तकरीबन 5 बजे बच्चा छत पर खेल रहा था, इसी दौरान छत के आगे का हिस्सा गिर गया। मलबे के साथ बच्चा भी नीचे गिर गया। आनन- फानन में बच्चे को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

उत्तर पूर्वी दिल्ली के डीसीपी डॉक्टर जॉय टिर्की ने बताया कि रविवार शाम तकरीबन 5 बजे छत पर खेल रहे बच्चे के छत से नीचे गिरने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही हर्ष विहार थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि छत का हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया है। इसमें एक बच्चे की मौत हो गई है।

# एक्सओपर्ट्स ने स्कू ली छात्रों को पढ़ाया नए कानून का पाठ

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



देश में आज से तीन नए कानून लागू हो गए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के 1 जुलाई से लागू होने के बाद कानूनी कार्रवाई इसके तहत शुरू हो गई है। नए आपराधिक कानून को लेकर दल्लिी सरकार के स्कूकलों में छात्रों और लोगों को जागरूक करने को लेकर अवेयरनेस सेशन का आयोजन कयिा जा रहा है। स्कूकलों में छात्रों को इन नए कानूनों की बारीकी के बारे में जागरूक कयिा जा रहा है। दल्लिी सरकार के शक्षिा नदिशालय का कहना है कि इन नए कानूनों को मकसद सार्वजनकि सुरक्षा को बढ़ाना, न्यायि सुनशि्चि त करना और सभी के लिए ज्यादा सुरक्षित भवष्यिन का नर्मािण कराना है।

छात्रों को नए कानूनों के बारे में जानकारी देते हुए एक्सोपर्ट ने बताया कि कई बार हम ऐसा काम कर देते हैं जसिका कोई प्रूफ नहीं होता है तो आप बच जाते हैं। लेकनि डजिटिल डवाइिस में आपने कोई काम करते हैं तो बच नहीं सकते। इसका बड़ा कारण यह है कि आपका डजिटिल फुटप्रिंटट्स रकिॉर्ड हो गया। सब कुछ सर्वर लॉक में रकिॉर्ड हो जाता है। अक्सदर आप जब कोई मैसेज व्हापट्सअप पर सेंड करते हैं और आपको लगता है कि वो गलत था तो आपके पास डलिीट फॉर मी और डिलीट फॉर ऐवरीवन का ऑप्शतन होता है। आप इसको डलिीट तो कर देते हैं लेकनि वह सर्वर में रकिॉर्ड हो जाता है। इसको ही डजिटिल फुटप्रिंकट्स कहा जाता है। इसलिए आप अगर कोई मैसेज भी फॉरवर्ड कर रहे हैं तो यह समझ लेना चाहिए कि आप उस चेन में शामलि हो गए हैं। इसलिए आपको बहुत सावधानी के साथ डजिटिल गैजेट्स का प्रयोग करना चाहिए।

समाज में अपराध और उससे कैसे नपिटा जाए, इसकी क्या प्रक्रिएया है और कैसे लोगों को न्यासय मलि, इससे संबंधति ये तीनों कानून हैं। इससे पहले भी कानून थे। समाज में पहले भी अपराध होते थे और उनसे नपिटने के लिए कानून और नयिम थे। अब तीन नए कानून लागू हुए हैं, इनके तहत देश में अपराधों से नपिटने का काम कयिा जाएगा। आज से पूरे देश में भारतीय न्याय संहिता 2023 (बीएनएस) लागू हो गई है। 1 जुलाई से अब सभी मामले भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धाराओं में ही दर्ज होंगे। आज से लागू यह तीन नए कानून को लेकर चुनौतयिां भी कम नजर नहीं आ रही हैं। इनकी भाषा और परभिाषा को लेकर आम लोगों को अभी कोई खास जानकारी नहीं है। दल्लिी पुलसि के आला अफसरों की ओर से सभी 15 जलिा पुलसि उपायुक्तोंआ को भी नर्दिश भी दिए हैं कि वे इन कानूनों को लेकर अपने-अपने क्षेत्रों की रेजडिेंट वेलफेयर एसोसएिशंस, मार्केट वेलफेयर एसोसएिशंस और दूसरे सामाजकि व धार्मिक संगठनों के साथ बैठक कर नए कानूनों के प्रति जागरूक करने का काम करें।

# विभागों में तालमेल के अभाव के चलते शहर जूझता है जलभराव से : देवेन्द्र कुमार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

विभिन्न विभागों की अपने काम को टालने की एवं अपनी जिम्मेदारी को अन्य विभाग पर थोपने की वजह से ही दिल्ली में बनती है जलभराव की समस्या, जी हां ऐसा कहना है मयूर विहार फेस 2 वार्ड के निगम पार्षद देवेंद्र कुमार का। देवेंद्र कुमार ने बताया कि एनएच 24/एनएच 9 के नीचे एवं इसके पास चार भूमिगत ड्रेन है, एक तो पटपड़गंज मदर डेयरी वाला है जो कि अक्षरधाम से पहले पड़ता है, दूसरा है ईस्ट विनोद नगर का डीटीसी डिपो वाला, तीसरा है खिचड़ीपुर गांव गुरुद्वारे वाला और चौथा है गाजीपुर बॉर्डर पर जो कोंडली और आनंद विहार की तरफ जाता है, इन चारों के चारों ड्रेनों की साफ सफाई बिल्कुल भी नहीं होती, यह चारों ड्रेन पूरी तरह से गंदगी से भरे हुए है और चाहे कोई सा भी विभाग हो एनएच हो, पीडब्लूडी हो, एमसीडी हो या अन्य और कोई हो, यह सभी विभाग वाले इन चारों ड्रेनों की साफ सफाई से खुद का पल्ला झाड़ के अन्य किसी विभाग को इन चारों ड्रेनों की साफ सफाई का जिम्मेदार बना देते है। देवेंद्र कुमार ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री को पत्र लिखने से पहले मैंने एनएच को, पीडब्ल्यूडी को और एमसीडी तीनों विभागों को पत्र लिखकर यह आग्रह किया था कि बारिश का मौसम आने से पहले इन चारों ड्रेनों की साफ सफाई का कार्य करवाया जाए अन्यथा साफ सफाई न होने की वजह से बारिश में यह चारों ड्रेन ओवरफ्लो हो जायेंगे जिसका नुकसान आम जनता को भुगतना पड़ेगा लेकिन एमसीडी को पत्र लिखो तो वह कहते है कि यह काम पीडब्ल्यूडी का है, एनएच को पत्र लिखो तो वह भी पीडब्ल्यूडी को आगे भेज देता है और पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखो तो वह कहते है कि हमने ड्रेन की साफ सफाई तो कर दी है लेकिन जलभराव की समस्या का हमारे पास कोई हल नहीं है, अरे भाई अगर ड्रेन की साफ सफाई कर दी है तो वह दिख क्यों नहीं रही? साफ सफाई के बावजूद ड्रेन भरा हुआ कैसे है? आपने ड्रेन की साफ सफाई कर दी तो फिर वह ओवरफ्लो क्यों हुआ? और अगर जलभराव की समस्या का आपके पास कोई हल नहीं है तो फिर आप सरकारी पद पर बैठे किस लिए हुए है? छोड़ दीजिए सरकारी पद और कह दीजिए सरकार से की दिल्ली में जलभराव की समस्या का हमारे पास

# फिटनेस गुरु हनुमान चौहान का रोगियों के लिए निशुल्क दर्द निवारण शिविर का आयोजन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आज हर इंसान किसी न किसी बीमारी से ग्रस्त है और उस बीमारी से राहत पाने के वो हर संभव प्रयास भी कर रहा है। ऐसे ही लोगो की मददत के लिए इस दौर में कई एनजीओ भी अपने-अपने तरीके से लोगो की निशुल्क और निस्वार्थ सेवा कर रहे है। ऐसी ही संस्थाओ में एक नाम दिल्ली के जानेमाने एनजीओ आर्ट क्रिएशन्स कल्चरल सोसाइटी का भी शामिल है जो समय-समय पर दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर अलग-अलग तरह से सामाजिक कार्यक्रमों के जरिये आम लोगो की और तिहाड़ जेल के केदियो के लिए मानव सेवा में सम्मलित रहती है। कल संस्था द्वारा अग्रसेन भवन नियर बालाजी मंदिर विवेक विहार में विश्व प्रसिद्ध फिटनेस गुरु हनुमान चौहान जी का रोगियों के लिए निशुल्क ह्वदर्द निवारण शिविरह्नका आयोजन किया गय जिसमे कंधे जाम, गर्दन, पीठ, पैर, एड़ी, मांसपेशियों में अकड़न, कूल्हे का जोड़ साइटिका नसों आदि का इलाज किया गया वो भी बिना किसी दवा के स्पर्श पद्धति से वो भी निशुल्क।

इस दर्द निवारण शिविर में पदमश्री से सम्मानित देश के प्रसिद्ध समाजेसवी शहीद भगत सिंह सेवा दल के संस्थापक जितेंद्र सिंह शंटी भी शामिल हुए। इससे एक दिन पूर्व तिहाड़ जेल एक नंबर में एक दिन का निशुल्क दर्द निवारण शिविर जेल स्टाफ और वहा के केदियो के लिए भी लगाया गया जिसमे दोनों ही दिन हजारो लोगो की भीड़ उमड़ी। इस मौके पर एक नंबर जेल के सुपरिटेंडेंट मनोज शर्मा, डिप्टी सुपरिटेंडेंट सत्यवीर यादव एवं जय सिंह भी मौजूद रहे। दो महीने पहले अप्रैल में भी संस्था द्वारा तिहाड़ जेल में दो दिवसीय निशुल्क शिविर लगया गया था जिसमे हजारो दिल्ली वासियो का स्पर्श पद्धति से इलाज किया गया था।

गौरतलब है की फिटनेस गुरु हनुमान चौहान एक प्रसिद्ध हस्ती है जो स्पर्श पद्धति से लोग का इलाज करते है जिसे अंग्रेजी में हीलिंग टच कहा जाता है। उनके हाथ में गजब की सफा है दो, तीन मिनट में ही मरीज की बंद नसे खुल जाती है। लोगो के नसों की समस्याओ का उपचार हो जाता है वो भी बिना किसी प्रकार की दवाई के। उसके आज पास देश के साथ विदेशो से भी लोग अपना इलाज कराने बड़ी आस्था से आते है। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष-आयोजक नरेश बैसला, जरनल सेकेट्री रचना जैन, हरियाणा के हेड वीरभान, उत्तर प्रदेश के हेड मोहम्मद जीशान, पूजा तवारी, प्रमोद सागर, मौजूद थे।

# सपाईयों ने मनाया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। महबूब अली, सदर विधायक अमरोहा / पूर्व केबिनेट मंत्री, सभापति, लोक लेखा समिति उ०प्र० एवं परवेज महबूब अली, पूर्व सदस्य विधान परिषद (मुरादाबाद-बिजनौर) ने अपने कैम्प कार्यालय पर सपा प्रमुख/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिवस केक काटकर मनाया। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओ ने हार्दिक शुभकामनाऐ देकर उनकी दीघार्यु की कामना की। इस अवसर पर श्री अली ने कहा कि समाजवादी पाट्री के विकास कार्य एवं लोक लुभावन कार्य पद्धति के कारण जनता समाजवादी सरकार को याद कर रही हैं। समाजवादी सरकार में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे का निर्माण, लखनऊ में एकाना अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण कराया, मैट्रो ट्रैन का लखनऊ में उदघाटन चारबाग तक, त्वरित गति से न्याय दिलाने हेतु डायल 100 पुलिस सेवा प्रारम्भ, लाखो छात्र छात्राओ को लैपटाप वितरण, मजदूरो को मुफ्त साईकिल वितरण, लखनऊ में जनेश्वर मिश्र पार्क का निर्माण कार्य, आदि प्रमुख कार्य किये। इस मौके पर मुख्तार नकवी, जाहिद हुसैन, बॉबी भगत सिंह, साजिद अली, शशीकांत गोयल, वीरभान सिंह यादव, सर्वेश सैनी, रोमीशफात, शमीमूददीन मैम्बर, जुबैर सफी, वहाब सैफी, नईम अहमद आदि सैकड़ो की सख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# मुफ्त पानी का नारा देने वाली सरकार नहीं कर पा रही स्वच्छ पानी का इंतजाम : सुमित शर्मा



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

बिजली हाफ पानी माफ का नारा दे दिल्ली की सत्ता पर तीन टर्म से काबिज आम आदमी पार्टी की सरकार राजधानी दिल्ली की जनता के लिए स्वच्छ पानी का इंतजाम करने में नाकाम साबित हो रही है। यह कहना है दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलिगेट युवा नेता सुमित शर्मा का। सुमित शर्मा कहते हैं जल संकट का आलम आज यह है कि लोगो को स्वच्छ पानी पैसे देकर भी नसीब नहीं हो रहा। जल संकट के चलते पानी माफिया चांदी काट रहा है और जनता दो-दो बूंद पानी को तरस रही है। सुमित शर्मा कहते हैं दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार बीते 10 वर्ष में बार-बार मुफ्त पानी देने का नारा तो देती रही लेकिन पानी वितरण की योजना और व्यवस्था नहीं बना पाई जल बोर्ड के ढांचागत सुधार के लिए बनाई गई योजनाओं को लागू भी नहीं कर पाई उन्होंने कहा कि भयंकर गर्मी के दौरान दिल्ली के लोग बेहाल बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं और जल बोर्ड को टैंकर माफियाओं के हवाले कर जल मंत्री झूठ का पहाड़ खड़ा कर रही है कभी हरियाणा को तो कभी केंद्र सरकार को दोष देकर अपना पल्ला झाड़ना चाहती है। सुमित शर्मा ने कहा कि जिस दिल्ली ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को विधायक चुना और मुख्यमंत्री बनाया और आतिशी को विधायक बनाकर जल मंत्री बनने का अवसर दिया वही दिल्ली की जनता बूंद बूंद पानी को तरस रही है यह साबित करता है कि भ्रष्टाचार की इन्तहा के बाद केजरीवाल सरकार और उसके मंत्री अत्याचारी बनने की होड़ में लगे हुए हैं जो दिल्ली की व्यवस्था जनता को पानी देने के अपने नैतिक कर्तव्य से भाग रहे हैं और ऐसी सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है और जनता ने अब मन बना लिया है कि जो बिजली पानी भी ना दे सके ऐसी सरकार को बदलना है दिल्ली के अधिकार का पानी जो दिल्ली सरकार को दिया जा रहा है वह टैंकर माफिया के माध्यम से बड़ी कीमत वसूल कर जरूरतमंद लोगों को बेचा जा रहा है।

# तेज बरसात हुई तो दिल्ली-फिर डूबेगी : वीरेन्द्र सचदेवा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चाहे पीने के पानी कमी से दिल्ली वालों की बदहाली हो या बरसात आने पर जलजमाव होने से इन दोनों स्थितियों के लिए अरविंद केजरीवाल सरकार की अक्रमण्यता जिम्मेदार है। दिल्ली में 287 चिन्हित-खतरनाक जल जमाव स्पॉट हैं और 28 जून, 2024 को उनमें से 250 से अधिक स्थानों 28 जून को लोक निर्माण विभाग द्वारा दिल्ली में लगाये 696 स्थाई वाटर निकासी पंपों में से 400 से अधिक काम ही नहीं कर रहे थे। हमारी जानकारी अनुसार 100 से अधिक पंप इसलिए नहीं काम कर रहे थे क्योंकि उनके लिए डीजल तेल उपलब्ध नहीं था।

इसके आलावा दिल्ली जल बोर्ड, फ्लड विभाग के पम्प हाउस एवं दिल्ली नगर निगम के भी 465 पंप दिल्ली में लगाये जाते हैं और उनमें से भी अधिकांश आज भी काम नहीं कर रहे हैं। इसका प्रमाण है कि कल बदहाली के 2 दिन बाद जब मंत्री सुश्री आतिशी स्वयं मिंटो रोड़ पुल के नीचे होने वाले जलजमाव की निकासी के लिए लगाये पंपिंग स्टेशन पहुंची तो कल भी 8 में 3 पंप काम करने की स्थिति में नहीं थे। भारती नगर पंपिंग स्टेशन पर भी दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग के पंप 28 जून को बंद पाये गये थे और आज भी स्थिति संतोषजनक रूप से ठीक नहीं हुई है।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली में हर साल मानसून में 1300 के लगभग अस्थाई अतिरिक्त वाटर निकासी पंप भी मानसून में किराये पर लेकर लगाये जाते हैं पर इस वर्ष एक भी नहीं लगाया गया। अरविंद केजरीवाल सरकार का तर्क है कि चुनाव अचार संहिता लगी होने के कारण आवश्यक टेंडर नहीं हो पाया पर सच यह है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत करवाने एवं चुनाव लड़ने में मदमस्त सरकार का इस आवश्यक काम पर कोई ध्यान ही नहीं था। श्री सचदेवा ने कहा है कि मानसून के लिए अतिरिक्त वाटर निकासी पंप किराये पर लेने का टेंडर एक वार्षिक जनहित कार्य है और अगर सत्ता के नशे में मदमस्त अरविंद केजरीवाल सरकार यदि चुनाव आयोग से पत्र लिखकर विशेष अनुमति मांगती तो जरूर मिलती पर इन्होंने इसे आवश्यक समझा ही नहीं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि वैसे भी चुनाव आचार संहिता से अतिरिक्त वाटर निकासी पंप ना लग पाने का बहाना लचर है, आचार संहिता 5 जून को खत्म हो गई थी लोक निर्माण मंत्री सुश्री आतिशी चाहती तो 6 या 7 जून को टेंडर कर 20 जून तक अतिरिक्त वाटर निकासी पंप लगा सकती थी।

श्री सचदेवा ने कहा है कि मैं लोकनिर्माण एवं दिल्ली जल बोर्ड दोनों की मंत्री आतिशी को चुनौती देता हूँ कि वह बतायें की दिल्ली में सभी विभागों के कुल कितने स्थाई एवं अस्थाई वाटर निकासी पंप मानसून में होने चाहिए और उनमें से आज कितने काम कर रहे हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की देश की राजधानी दिल्ली में 11 लोगों की जल में डूबने से मृत्यु शर्मनाक है और भाजपा मांग करती है की दिल्ली सरकार इन सब बेबस लोगों की मृत्यु पर शोकाकुल परिवारों को एक एक करोड़ रूपए का मुआवजा दे। साथ ही पुरानी दिल्ली के थोक बाजारों के साथ ही दिल्ली भर में भूतल के एवं बेसमेंटों के घरों एवं आफिसों में हुए नुकसान की भी पूर्ति दिल्ली सरकार एवं दिल्ली नगर निगम करे।

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पटरी से उतरी ट्रेन, 2 ट्रेनें रद्द, तीन घंटे तक प्रभावित रहा संचालन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर सुबह 6:40 बजे लोकल ईएमयू ट्रेन पटरी से उतर गई। हादसे के करण प्लेटफॉर्म नंबर दो से चलने वाली दो ट्रेनों को कैंसिल कर दिया गया है। साथ ही अन्य कई ट्रेनों को दूसरे प्लेटफार्म से संचालित किया गया। करीब 3 घंटे तक नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। इससे हजारों यात्रियों को काफी परेशानी हुई।

ट्रेन नंबर 04960 पलवल से शकूरबस्ती ईएमयू-नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 के ट्रैक पर डिरेल हो गई। गनीमत रही कि ट्रेन की रफ्तार ज्यादा नहीं थी। वरना बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि, ट्रेन डिरेल होने के कारण पेयजल लाइन कट गई और हजारों लीटर पानी बर्बाद हो गया। वहीं, दो ट्रेनों को कैंसिल कर दिया गया। इसमें शकूरबस्ती से नई दिल्ली के बीच चलने वाली ट्रेन नंबर 04416 और शकूरबस्ती से बल्लभगढ़ के बीच चलने वाली ट्रेन 04915 का संचालन निरस्त कर दिया गया। दोनों लोकल ट्रेनें हैं।

बताया जाता है कि इनमें नियमित सफर करने वाले यात्रियों की संख्या ज्यादा होती है। दोनों ट्रेनों के कैंसिल होने के कारण हजारों यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके अतिरिक्त ट्रेन नंबर 04960 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कैंसिल कर दिया गया। प्लेटफार्म नंबर 2 पर आने वाली या प्लेटफार्म नंबर 2 से चलने वाली ट्रेनों को अन्य प्लेटफार्म से संचालित किया गया।

सुबह करीब 9:40 बजे ट्रेन को हटाकर रेल की पटरी को ठीक किया गया। इसके बाद ट्रेनों का संचालन सामान्य हुआ। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के डायरेक्ट महेश यादव का कहना है कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। सीनियर पीआरओ अजय जे माइकल का कहना है कि अभी घटना के बारे में पता कर रहे हैं, जानकारी मिलने पर जानकारी दी जाएगी।

बीती 3 जून को नई दिल्ली से झांसी के लिए निकली ताज एक्सप्रेस में आग लग गई थी। ट्रेन की तीन भोगी जल गई थी। आग लगने के बाद कारणों का पता लगाने के लिए जांच कमिटी बनाई गई थी, लेकिन आग लगने का क्या करण था आईएस पर रेलवे अधिकारी कुछ बोलने से बच रहे हैं। दिल्ली डिविजन के वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक प्रेम शंकर झा और सीनियर पीआरओ अजय जे माइकल ने भी आग लगने के कारणों के बारे में नहीं बताया।

## गंगा राम हॉस्पिटल ने युवा रोगियों के लिए उपचार स्थल बनाया

नई दिल्ली । भारत डॉक्टर्स डे के अवसर पर, डॉ. अनिल सचदेवा द्वारा नेतृत्वित पेडियाट्रिक्स विभाग के डॉक्टर्स ने अपने युवा रोगियों के आत्मा की देखभाल के लिए चिकित्सा से परे कुछ किया है। वहां डॉक्टर्स ने जंकयार्ड को बच्चों के पार्क में बदल दिया, पेडियाट्रिक कैंसर और न्यूरोलॉजिकल, लंग, लिवर और हृदय रोग जैसी अस्थायी बीमारियों से जूझ रहे बच्चों की मदद के लिए। उनकी पहल हमें याद दिलाती है कि दया और रचनात्मकता काफी है कि किसी भी अवस्था को आपदा के समय भी उपचार और स्वास्थ्य के अंदर बदला जा सकता है। सर गंगा राम हॉस्पिटल के डॉक्टर्स अपने संसाधनों और प्रयासों से एक एकांत रोगियों के लिए आनंद और उपचार का एक जीवंत स्थान बना चुके हैं, जिनमें बच्चों के लिए परिसंचार और खुशी का एक जीवंत आदान-प्रदान है। यह केवल एक खेल का मैदान नहीं है; यह एक जगह है जहां वे बच्चे जो बीमारियों से साहसी रूप से लड़ रहे हैं, सांत्वना और खुशी पा सकते हैं।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, मंगलवार, 02 जुलाई, 2024

## जलजमाव की समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार दूसरे दिन ग्राउंड जीरो पर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली में जलजमाव को रोकने की दिशा में पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी लगातार दूसरे दिन ग्राउंड जीरो पर मौजूद रही। सोमवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने आईटीओ स्थित एमसीडी के ड्रेन न.12 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेयर शैली ओबरॉय, मुख्य सचिव सहित एमसीडी, पीडब्ल्यूडी,शहरी विकास और बाढ़ एवं सिंचाई नियंत्रण विभाग के उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे।

बता दे कि, एमसीडी की ड्रेन संख्या 12 सेंट्रल दिल्ली से पानी की यमुना तक पहुँचाने का काम करती है। 28 जून को दिल्ली में 24 घंटे में ही 228 मिमी की अप्रत्याशित बारिश हुई थी। सामान्य समय में पूरे मानसून के दौरान दिल्ली में 800 मिमी बारिश होती है लेकिन इस बार मात्र 24 घंटे में ही पूरे मानसून की लगभग एक चौथाई बारिश हो गई। इस अप्रत्याशित बारिश से ड्रेन न.12 ओवरफ़्लो फ्लो हुई और इस कारण आईटीओ चौक के आसपास जलजमाव की समस्या उत्पन्न हुई।

भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो इसे लेकर सोमवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी और मेयर शैली ओबरॉय ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आईटीओ चौक से नाले के आउटफॉल तक इसके एक बड़े हिस्से का संयुक्त निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि, आगामी बरसात में एमसीडी ड्रेन संख्या 12 को ओवरफ़्लो होने से रोकने के लिए शोर्ट टर्म समाधान निकाले। साथ ही उन्होंने, अधिकारियों को ड्रेन को ओवरफ़्लो होने से रोकने के लिए स्थायी समाधान निकालने के निर्देश दिये ताकि भविष्य में इसके कारण जलजमाव की समस्या उत्पन्न न हो और लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

मेयर शैली ओबरॉय ने भी कहा कि, आईटीओ चौक और इसके आसपास की सड़कें दिल्ली के सबसे महत्वपूर्ण मार्गो में शामिल है। यहाँ जलजमाव न हो इसके लिए हम दिल्ली सरकार के विभागों के साथ मिलकर काम करेंगे और जलजमाव की रोकथाम के लिए हर जरूरी कदम उठायेंगे।

## जाट समाज के अधिकारियों को किया गया सम्मानित: विनोद राणा



नई दिल्ली। सूरजमल शिक्षण संस्थान जनकपुरी दिल्ली मे यूपीएससी के द्वारा चुने गये जाट समाज के आईपीएस.आईएएस अन्य उच्च अधिकारियों का सम्मान किया गया जिसमें मुख्य अतिथि संजय बेनिवाल, डॉ. सागर प्रीत सिंह हुड्डा, करनैल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सचिव उप राज्यपाल दिल्ली कप्तान सिंह, अध्यक्ष सुरज मल शिक्षा संस्थान अजित चौ. सचिव सूरजमल शिक्षण संस्थान इशा जाखड़ राजपाल सोलकी इन्द्रजीत सिंह वीरेन्द्र चौ रमेश चौ. व समाज के बहुत से गणमान्य व्यक्ति यो ने भी सम्मान नित किया जिसमे विनोद राणा, सुमन राणा, ओमकार ढाका, सत्य पाल सिंह, वी पी सिंह, विजय पाल सिंह, अतर सिंह, अमर पाल राठी हर प्रदेश से गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

## केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ इंडिया गठबंधन का संसद में हल्ला बोल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा जांच एजेंसियों का राजनीतिक इस्तेमाल करने के खिलाफ पूरा इंडिया गठबंधन लामबंद हो गया है। पिछले 10 साल से केंद्र सरकार द्वारा अपने राजनीतिक लाभ के लिए विपक्षी दलों के नेताओं को टारगेट किया जा रहा है। यह सिलसिला अभी भी जारी है। लिहाजा, सोमवार को कांग्रेस, टीएमसी, सपा और आम आदमी पार्टी समेत इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों ने एकजुट होकर संसद परिसर में विरोध-प्रदर्शन किया। इंडिया गठबंधन ने एक स्वर में केंद्र सरकार से जांच एजेंसियों का दुरुपयोग बंद करने साथ ही जेल में बंद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को तत्काल रिहा करने की मांग की। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने ईडी-सीबीआई का दुरुपयोग कर अरविंद केजरीवाल को जेल में डाला है। इसी तरह, पूरे देश में विपक्षी दलों के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों ने सोमवार को केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को लेकर संसद पहुंचे।

सभी दलों के सांसद और राज्यसभा सदस्य अपने हाथ में जांच एजेंसियों का दुरुपयोग बंद करो नारा लिखे पोस्टर लेकर संसद पहुंचे। सभी दल के नेता परिसर में एकत्र हुए और केंद्र सरकार के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन शुरू किया। इस दौरान इंडिया गठबंधन के नेताओं ने संसद परिसर में तानाशाही-हिटलरशाही नहीं चलेगी, केजरीवाल को रिहा करो, ईडी-सीबीआई का दुरुपयोग बंद करो के जमकर नारे लगाए। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि आज पूरे देश में केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार ने ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर अरविंद केजरीवाल को जेल में डाला है। बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडू और महाराष्ट्र समेत देश भर में कांग्रेस व अन्य राजनीतिक पार्टियों के खिलाफ जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। आज पूरा इंडिया गठबंधन इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है। ट्रायल कोर्ट ने अपने आदेश में साफ कहा है कि ईडी के पास अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। ईडी केजरीवाल के खिलाफ दुर्भावना से काम कर रही है। इसके बावजूद सीबीआई ने झूठा मुकदमा लगाकर उन्हें जेल में डाल दिया गया।

## शकूरपुर इलाके में युवक की चाकू घोंपकर हत्या

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




उत्तरी पश्चिमी दिल्ली के नेताजी सुभाष प्लेस थाना इलाके में एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। यह घटना शकूरपुर इलाके हुई। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। मरने वाले की पहचान विक्रम के रूप में हुई है।

शुरूआती जांच में पता चला कि है कि विक्रम का इलाके में ही रहने वाले एक व्यक्ति से कुछ दिन पहले किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद की वजह वारदात की कारण बन जाएगी, यह शायद किसी ने सोचा भी नहीं था। इस विवाद को लेकर परिवार के लोग बातचीत करने के लिए भी गए थे। तभी विक्रम का जिस व्यक्ति से झगड़ा हुआ था, उसके छोटे भाई ने धारदार हथियार से विक्रम पर हमला कर दिया। गर्दन पर हथियार से हमला किया गया, जिसके चलते विक्रम वहीं पर गिर गया। इसके बाद हमलावर फरार हो गया।

वहीं, आनन-फानन में लोग विक्रम को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विक्रम की मौके के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और आसपास के लोग परिजन से एकजुट होकर थाने में पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। करीब एक घंटे के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत करवाया।

वहीं, पुलिस का कहना है कि उक्त मामले में हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। मामला बीती देर रात का है इस इसलिए पुलिस आईपीसी की धारा 302 के तहत केस दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर मामले की जांच कर रही है।

## सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, चिकित्सक, शिक्षाविद् और राजनेता भारत रत्न स्वर्गीय डॉ. बी.सी राय की 142वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् डॉ.दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, चिकित्सक, शिक्षाविद् और राजनेता भारत रत्न स्वर्गीय डॉ. बी.सी राय की 142वीं जयंती पर उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। डॉ .बी.सी राय की जयंती को भारत में नेशनल डाक्टर्स डे के रुप में मनाया जाता है।

वत्स ने कहा कि भारत रत्न स्वर्गीय डॉ बिधान चंद्र राय 1948 से 1962 तक आजीवन पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे। उनके जन्मदिन को ही हर वर्ष नेशनल डॉक्टर्स डे के रुप में मनाया जाता है। इस अवसर पर डॉ.दयानंद वत्स भारतीय ने मानवता की सेवा में जी जान से जुटे देश के सभी डॉक्टर्स के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं दीं। वत्स ने कहा कि संघ 1984 से हर वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर डॉक्टर्स को सम्मानित करता आ रहा है।

## दिल्ली की अदालत ने मेधा पाटकर को सुनाई पांच महीने कैद की सजा, 10 लाख का जुमार्ना भी लगाया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली की अदालत ने सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को मानहानि मामले में पांच महीने की कैद की सजा सुनाई है। साकेत की अदालत ने आपराधिक मानहानि मामले में मेधा पाटकर को मई महीने में ही दोषी करार दिया था।

मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने पाटकर पर 10 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया। अदालत ने अपने सामने मौजूद सबूतों और इस तथ्य पर विचार करने के बाद पाटकर को सजा सुनाई कि मामला दो दशकों से अधिक समय तक चला। हालांकि, अदालत ने सजा को एक महीने के लिए निलंबित कर दिया, ताकि पाटकर आदेश के खिलाफ अपील दायर कर सकें। तत्कालीन केवीआईसी अध्यक्ष एवं वर्तमान में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से नर्मदा बचाओ आंदोलन कार्यकर्ता मेधा पाटकर के खिलाफ मानहानि मामले में याचिका दायर की गई थी। साकेत कोर्ट के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने पाटकर को आपराधिक मानहानि का दोषी पाया था।

हवाला लेनदेन में संलिप्तता का था आरोप 24 मई को दिए गए अपने आदेश में साकेत कोर्ट ने पाया कि मेधा पाटकर ने वीके सक्सेना पर हवाला लेनदेन में संलिप्तता का आरोप लगाया गया था। यह न केवल अपने आप में अपमानजनक था, बल्कि उनके बारे में नकारात्मक धारणाओं को भड़काने के लिए भी गढ़ा गया था।

जानें क्या है मामला

साल 2003 सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर ह्यनर्मदा बचाओ आंदोलन को लेकर सक्रिय थीं। उसी वक्त वीके सक्सेना नेशनल काउंसिल फॉर सिविल लिबर्टीज में एक्टिव थे। उन्होंने उस वक्त मेधा पाटकर की आंदोलन का तीखा विरोध किया था। मानहानि का पहला मामला इसी से जुड़ा हुआ है। मेधा पाटकर ने अपने और नर्मदा बचाओ आंदोलन के खिलाफ विज्ञापन को लेकर वीके सक्सेना के खिलाफ मानहानि केस किया था। वहीं सक्सेना ने अपमानजनक बयानबाजी करने को लेकर मेधा पाटकर पर मानहानि के दो केस दर्ज कराए थे।

## एनटीए के खिलाफ छात्रों का अनिश्चितकालीन धरना जारी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नीट-यूजी, पीजी और यूजीसी-नेट में कथित अनियमितताओं के खिलाफ छात्रों का जंतर-मंतर पर धरना जारी है। वाम समर्थित छात्र संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (एआईएसए) और दिल्ली विश्वविद्यालय के क्रांतिकारी युवा संगठन (केवाईएस) सहित कई अन्य समूह राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित परीक्षाओं में कथित धांधली के विरोध में जंतर-मंतर पर एकत्र हो रहे हैं। इंडिया अगेंस्ट एनटीए के बैनर तले प्रदर्शन कर रहे छात्र समूहों की मांगों में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी को खत्म करना और इस मुद्दे पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा शामिल है। वहीं, प्रदर्शन के पहले दिन ही छात्रों को हिरासत में ले लिया गया था, लेकिन उसके बाद भी वे हटे नहीं हैं। यह विरोध एनटीए द्वारा आयोजित नीट-यूजी, पीजी और यूजीसी-नेट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक की रिपोर्ट के मद्देनजर आया है।

केंद्र सरकार ने एनटीए के प्रमुख को हटाया केंद्र सरकार ने कारवाई करते हुए एनटीए के प्रमुख को हटाया है। उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की गई है। समिति एनटीए की खामियों की जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी।

बता दें कि परीक्षा से जुड़े सुधारों को लेकर गठित उच्च स्तरीय कमेटी का फोकस इस बात पर है, वह सभी शीर्ष परीक्षाओं को आयोजित कराने वाली संस्था एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) कैसे सशक्त और फुलप्रूफ बनाया जाए।

यही वजह है कि कमेटी को जो जिम्मा सौंपा गया है उनमें परीक्षा सुधार पर सुझाव देने के साथ एनटीए संरचना, उसकी कार्यप्रणाली, परीक्षाओं के आयोजन की प्रक्रिया, पारदर्शिता और डेटा सुरक्षा पर भी सुझाव देने को कहा है।

## पंजाबी बाग में जनता से विधायक शिवचरण गोयल की महत्वपूर्ण मुलाकात

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



विधायक शिवचरण गोयल ने आज अग्रवाल धर्मशाला रोड नं. 10, पंजाबी बाग में क्षेत्रवासियों से मुलाकात की। इस दौरान, उन्होंने केजरीवाल सरकार की विकास योजनाओं और क्षेत्र में चल रही विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की।विधायक शिवचरण गोयल ने बताया, हमारी सरकार दिल्ली के हर कोने को विकसित करने और नागरिकों की समस्याओं को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। आज की बैठक में, हमने स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की और जनता की समस्याओं को समझा।

बैठक में उपस्थित लोगों ने केजरीवाल सरकार की नीतियों और विकास कार्यों की सराहना की। जनता ने अपने इलाके की समस्याओं को उठाया, जिनमें बुनियादी सुविधाएं, स्वच्छता, और सुरक्षा से संबंधित मुद्दे प्रमुख थे। विधायक ने इन समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया और कहा कि सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाएगा। विधायक शिवचरण गोयल ने अपने संबोधन में कहा, हम जनता की आवाज को ध्यान में रखते हुए काम कर रहे हैं और केजरीवाल सरकार की नीतियों के तहत दिल्ली के सभी क्षेत्रों में विकास कार्यों को तेज गति से पूरा कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि अअढ सरकार का उद्देश्य हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है और इसके लिए सभी विभागों के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। अग्रवाल धर्मशाला रोड नं. 10, पंजाबी बाग में हुई इस मुलाकात में स्थानीय निवासियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया गया।

## बिभव कुमार की गिरफ्तारी और रिमांड आदेश वैध: दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री आवास पर आप राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर हमले के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहयोगी विभव कुमार की गिरफ्तारी व इसके बाद रिमांड आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट ने वैध ठहराया है। याचिका की विचारणीयता के मुद्दे पर निर्णय सुनाते हुए अदालत ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब मांगा और रोस्टर बेंच के समक्ष सूचीबद्ध करने को कहा। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ मामले पर कुमार व दिल्ली पुलिस का पक्ष सुनने के बाद 31 मई को अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। 18 मई को हुई थी बिभव की गिरफ्तारी 13 मई को मुख्यमंत्री आवास पर हुई घटना के मामले में बिभव को दिल्ली पुलिस ने 18 मई को गिरफ्तार किया था। वर्तमान में वह न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं। पुलिस ने यह तर्क देते हुए मामले पर नोटिस जारी करने का विरोध किया कि याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। वहीं, बिभव कुमार ने याचिका में अपनी गिरफ्तारी को अवैध और आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए (पुलिस अधिकारी के समक्ष उपस्थिति का नोटिस) के प्रविधानों का घोर उल्लंघन और कानून के खिलाफ घोषित करने का निर्देश देने की मांग की है।

## युवक की चाकू घोंपकर हत्या



नई दिल्ली। शाहदरा जिले के मानसरोवर पार्क थाना क्षेत्र के नाथू कॉलोनी फ्लाईओवर के पास कुछ बदमाशों ने एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मृतक की पहचान का प्रयास कर रही है।

मृतक की उम्र 30 से 32 साल बताई जा रही है। हालांकि पुलिस अभी मृतक की पहचान नहीं कर पाई है। शाहदरा जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के मुताबिक बीती रात 30 जून को करीब 8 बजकर 15 मिनट पर पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ अज्ञात लोगों ने नत्थू कॉलोनी फ्लाईओवर, जगतपुरी वाइन शॉप के पास एक व्यक्ति की चाकू मार कर हत्या कर दी है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। एमएस पार्क थाने में रविवार देर रात्रि में हीआईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया।

लूटपाट के एंगल से जांच कर रही है पुलिस

मृतक शख्स की पॉकेट से 3000 हजार रुपये बरामद हुए हैं। मृतक का रंग गेहुंआ बताया गया है, जिसका कद 5 फुट 5 इंच है। पुलिस आरोपितों की तलाश में भी जुट गई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी मदद ले रही है। डीसीपी ने बताया कि काफी प्रयास के बावजूद मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। शव को जीटीबी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है। हत्यारे की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खांगाला जा रहा है। लूटपाट सहित अन्य एंगल से मामले की जांच की जा रही है।

गौरतलब है कि पुलिस ने ये मामला बीती रात 30 जून को दर्ज किया है, जिसके चलते इसको आईपीसी की धारा में दर्ज किया गया है। जैसा कि आज सोमवार 01 जुलाई से पूरे देश में भारतीय न्याय संहिता 2023 (बीएनएस) कानून लागू हो गया है। आज एक जुलाई को दर्ज होने वाले सभी मामले बीएनएस 2023 की धाराओं में ही लागू हो रहे हैं। दिल्ली पुलिस के जिला अंतर्गत सभी थानों में एफआईआर नए कानून के तहत की जा रही है।

## सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने सोमवार को नगर पालिका परिषद अमरोहा के अधिशासी अधिकारी डॉ बृजेश कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन में उन्होंने अधिशासी अधिकारी डॉ बृजेश कुमार को अवगत कराया की रौनक वाटिका के पीछे सड़क बनवाने एवं गाजी नगर में सफाई कर्मचारी नियुक्त की जाएं। इस पर अधिशासी अधिकारी ने समस्याओं का जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इसी क्रम में आगे कहा कि कि जिला पंचायत राज अधिकारी अमरोहा के कार्यालय में तैनात सफाई कर्मचारी जोकि बाबू का काम देख रहे हैं। अभी तक वहीं जमे हुए हैं। पिछली बार एक ज्ञापन जिलाधिकारी को देकर मांग की गई थी कि इनको इनकी मूल तैनाती पर भेजा जाए। जिससे ग्राम पंचायतो को सही से साफ-सफाई हो सके। किंतु जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा जिलाधिकारी अमरोहा के आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और आज भी उपरोक्त सभी कर्मचारी डीपीआरओ ऑफिस में बैठे हुए हैं। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी द्वारा 3 जुलाई को जिलाधिकारी अमरोहा के कार्यालय पर इस संबंध में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित दिया जाएगा जिसमें। जिसमें हाई कोर्ट के आदेशों की अवहेलना की जा रही है। शासन आदेशों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। जब तक जिला पंचायत राज अधिकारी इन व्यक्तियों को उनकी मूल तैनाती पर नहीं भेजते हैं, तो जिला पंचायत राज अधिकारी के खिलाफ मान्य पंचायत राज मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से मिलकर इस संबंध में शिकायत की जाएगी और कार्यवाही करा कर ही रहेंगे। सफाई कर्मचारीयो को ऑफिस में बाबू का काम नही करने दिया जाएगा।

## दिल्ली नगर निगम के 248 कर्मचारी हुए सेवानिवृत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली नगर निगम के 248 कर्मचारी आज सेवानिवृत हुए। दिल्ली नगर निगम के सिविक सेंटर मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, पीपीओ शीट, लीव एनकैशमेंट के चेक दिये गए। सभी जोन में भी सेवानिवृत कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत कर्मचारियों को दीघार्यु व स्वस्थ रहने की कामना की गई। सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाओं के साथ-साथ सुखमय जीवन की कामना करते हुए पौधे भी भेंट किये। इस अवसर पर निगम के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहें।

## बिजली कंपनियों के खिलाफ प्रदर्शन, मोबाइल कंपनियों की तर्ज पर बिजली कंपनियां चुनने के अधिकार देने की मांग

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



राजधानी में बिजली कंपनियों की लूट के खिलाफ नेशनल अकाली दल ने सोमवार को जंतर मंतर पर बिजली के मीटर को लेकर प्रदर्शन किया और सरकार से इन कंपनियों पर लगाम लगाने की मांग की। नेशनल अकाली दल के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने इस अवसर पर केन्द्र सरकार से ऐसी व्यवस्था करने की मांग की जिससे उपभोक्ताओं को मोबाइल कंपनियों की तर्ज पर बिजली कंपनियों को भी चुनने का अवसर मिले। इससे उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी और उपभोक्ताओं को फायदा होगा।

परमजीत सिंह पम्मा की अध्यक्षता में पार्टी कार्यकताओं ने प्रदर्शन कर बिजली कंपनियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने अपने हाथों में बिजली कंपनियों की मनमानी बंद करने, बिजली के बिलों को जीएसटी से मुक्त करने संबंधी तख्तियां और बैनर लिए हुए थे। इस अवसर पर पम्मा के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के बिजली मंत्री को एक ज्ञापन देकर उचित कार्रवाई की मांग की गई।प्रदर्शनकारी जैसे ही संसद भवन की और बढ़ने लगे पुलिस ने उन्हें संसद मार्ग पुलिस स्टेशन के सामने रोक दिया।

इस अवसर पर पम्मा ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार को बिजली कंपनियों पर लगाम लगानी चाहिए। पम्मा ने सरकार से कहा कि ऐसी स्कीम की घोषणा करें जिससे टेलीफोन, मोबाइल प्रदाता कंपनियों की तरह बिजली वितरण कंपनी (डिस्काम) को चुनने का विकल्प होना चाहिए। जिससे बिजली कंपनियों की मनमानी रुक सके।

पम्मा ने कहा पहले मोबाइल कंपनियां को आउटगोइंग कॉल्स के लिए जहां 16 रुपए प्रति मिनट की दर से चुकाने होते थे वहीं इनकमिंग कॉल के लिए 8 रुपए तक चुकाने होते होते थे मगर अब ज्यादा कंपनियां होने के कारण आपसी कंपटीशन इतना बढ़ गया है कि सस्ती से सस्ती स्कीम में लाकर सभी ग्राहकों को अपनी ओर लुभाने में लगे हुए हैं। इसी प्रकार बिजली कंपनियां में भी अन्य कंपनियां आ जाएगी तो ग्राहकों को सस्ती और बढ़िया सर्विस मिलेगी।

पम्मा ने कहा केंद्र सरकार ने इसका आश्वासन दिया था कि बिजली कंपनियों पर लगाम लगाने के लिए मोबाइल कंपनियों की तर्ज पर ऐसी व्यवस्था की जाएगी। ऐसी व्यवस्था लागू होने से उपभोक्ताओं को हजारों रुपए के बिलों से छुटकारा मिलेगा। पम्मा ने कहा आज स्थिति यह हो गई है कि बिजली कंपनियों विभिन्न प्रकार के टैक्स लगा कर उपभोक्ताओं से हजारों रुपए के बिल वसूल रही है और सरकार आंखे मूंदे बैठी है। आम लोग इन बढ़े हुए बिलों से त्राही-त्राही कर रहे है। आम लोगों को राहत देने के लिए सरकार को उनकी परेशानी को देखते हुए ठोस कदम उठाने चाहिए।इस अवसर पर दलजीत सिंह चग्गर, रूप सिंह गुसाईं, रश्मीत कौर बिंद्रा, सुनीता अरोड़ा, रूबी जिंदल, भूपेंद्र कपूर, सुखदेव सिंह, प्रीति गुप्ता सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## दिल्ली के जैतपुर थाने में तीन नए कानूनों को लेकर जागरुकता कार्यक्रम

नई दिल्ली। ब्रिटिश कालीन तीन कानून को हटाकर संसद में 2023 में पास तीन नए कानून को एक जुलाई से लागू किया गया। देश भर में सीआरपीसी की जगह जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, आईपीसी की जगह भारतीय दंड संहिता और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लागू किया गया है। इन कानूनों को लेकर जागरुकता को लेकर दिल्ली पुलिस द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में दिल्ली के दक्षिण पूर्व जिले के अलग-अलग थानों में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया और लोगों को इन कानूनों की जानकारी दी गई। जैतपुर थाने में इस कानून को लेकर कार्यक्रम का आयोजित कर लोगों को इन कानूनों के बारे में बताया गया। इस दौरान दिल्ली पुलिस के लीगल कंसल्टेंट बी. देवा शेखर ने बताया की इस कानून में कई बदलाव किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कानून को लेकर दिल्ली पुलिस ने पूरी तैयारी कर रखी है। कानून लागू होने के बाद नए कानून के अंतर्गत जैतपुर थाने में धारा 112 में एक मामला भी दर्ज किया गया है।

## जलजमाव की समस्याओं को दूर करने के लिए पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने किया निरीक्षण

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली में जलजमाव को रोकने की दिशा में पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने सोमवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने आईटीओ स्थित एमसीडी के ड्रेन न.12 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेयर शैली ओबरॉय, मुख्य सचिव सहित एमसीडी, पीडब्ल्यूडी,शहरी विकास और बाढ़ एवं सिंचाई नियंत्रण विभाग के उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे। एमसीडी की ड्रेन संख्या 12 सेंट्रल दिल्ली से पानी की यमुना तक पहुंचाने का काम करती है। 28 जून को दिल्ली में 24 घंटे में ही 228 मिमी की अप्रत्याशित बारिश हुई थी। सामान्य समय में पूरे मानसून के दौरान दिल्ली में 800 मिमी बारिश होती है, लेकिन इस बार मात्र 24 घंटे में ही पूरे मानसून की लगभग एक चौथाई बारिश हो गई। इस अप्रत्याशित बारिश से ड्रेन न.12 ओवरफ़्लो हुई और इस कारण आईटीओ चौक के आसपास जलजमाव की समस्या उत्पन्न हुई। भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो इसे लेकर सोमवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी और मेयर शैली ओबरॉय ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आईटीओ चौक से नाले के आउटफॉल तक इसके एक बड़े हिस्से का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि, आगामी बरसात में एमसीडी ड्रेन संख्या 12 को ओवरफ़्लो होने से रोकने के लिए शोर्ट टर्म समाधान निकाले। साथ ही उन्होंने, अधिकारियों को ड्रेन को ओवरफ़्लो होने से रोकने के लिए स्थायी समाधान निकालने के निर्देश दिये ताकि भविष्य में इसके कारण जलजमाव की समस्या उत्पन्न न हो और लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। मेयर शैली ओबरॉय ने भी कहा कि आईटीओ चौक और इसके आसपास की सड़कें दिल्ली के सबसे महत्वपूर्ण मार्गों में शामिल हैं। यहां जलजमाव न हो इसके लिए हम दिल्ली सरकार के विभागों के साथ मिलकर काम करेंगे और जलजमाव की रोकथाम के लिए हर जरूरी कदम उठायेंगे।

